**04/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में **डूरंड कप टूर्नामेंट 2025** की ट्रॉफियों का अनावरण किया। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में खेल राष्ट्रीय एकीकरण के लिए एक शक्तिशाली साधन रहे हैं। एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप का 2025 संस्करण 23 जुलाई से 23 अगस्त तक पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर, मेघालय और झारखंड सहित पांच भारतीय राज्यों के छह स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज और कल अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के निमंत्रण पर अर्जेंटीना की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 2018 में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए अर्जेंटीना गए थे, लेकिन पिछले सत्तावन वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है, जो इसे एक ऐतिहासिक अवसर बनाती है। दोनों नेता रक्षा, कृषि, खनन, तेल और गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और निवेश तथा लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए चल रहे सहयोग की समीक्षा करने और साझेदारी बढ़ाने के तरीकों की खोज करने के लिए द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। 0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परिसर में महान मराठा योद्धा पेशवा बाजीराव प्रथम की घुड़सवार प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री शाह ने बाजीराव के अनुकरणीय नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "एनडीए, सेना, नौसेना और वायु सेना के भावी नेताओं के लिए प्रशिक्षण स्थल होने के नाते, बाजीराव की प्रतिमा के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है।"

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में एक व्यापक विकास बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिले के विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और पारिस्थितिकी स्थिरता से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में ताई खामती भाषा को सभी सरकारी और निजी स्कूलों के साथ-साथ जिले भर के बुद्ध विहारों में तीसरी भाषा के रूप में शुरू करने की कार्ययोजना को अंतिम रूप देना था। यह भाषा अगले 16 अगस्त से प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक पढ़ाई जाएगी। इस पहल पर जोर देते हुए, उपमुख्यमंत्री ने उपायुक्त से सभी निजी संस्थानों में नीति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इसके अतिरिक्त, ताई खामती हेरिटेज एंड लिटरेरी सोसाइटी को प्राथमिक स्तर के लिए प्राइमर छापने और शिक्षकों को स्थानीय भाषा में प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

0000000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत, ईस्ट सियांग पुलिस ने एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से लगभग 2.46 ग्राम संदिग्ध हेरोइन, 3000 रुपये की नकद और स्मार्ट फोन जब्त किया। जब्ती एक्ज़ेक्यूटीव मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के सख्त अनुपालन में की गई। एनडीपीएस अधिनियम के तहत पासीघाट पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर जांच की जा रही। इस बीच, ईस्ट सियांग पुलिस अधीक्षक पंकज लांबा ने एडीएस टीम के प्रयासों की सराहना की और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के लिए जिला पुलिस की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने जनता से ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की रिपोर्ट करने का आग्रह किया, इस बात पर जोर देते हुए कि ड्रग-फ्री ईस्ट सियांग के लिए सभी के सहयोग महत्वपूर्ण है।

0000000000000000000000

कृषि विकास और खाद्य तेल एवं ऑयल पाम प्रोग्राम पर राष्ट्रीय मिशन को महत्वपूर्ण बढ़ावा देने के उद्देश्य से, राज्य सरकार ने आज बांदरदेवा के गोरुबांडा में कस्टम हायरिंग सेंटर और मेगा ऑयल पाम प्लांटेशन प्रोग्राम का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने एवं स्थानीय किसानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस पहल का आयोजन पतंजलि फूड लिमिटेड और पापुम पारे जिला ऑयल पाम किसान संघ के सहयोग से किया गया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 3 जिलों ईस्ट कामेंग, पापुम पारे और वेस्ट सियांग के लिए ऑरेंज अलर्ट और क्रा दादी एवं कामले को छोड़ अन्य सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज से बहुत तेज बारीश होने की सभावना है।

0000000000000000000000

दिबांग वैली उपयुक्त बेकिर न्योराक ने सरकारी परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के कार्यान्वयन में एक स्थायी दृष्टिकोण अपनाने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। उन्होंने आज अपने कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित मासिक जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक का उद्घाटन करते हुए इस पर जोर दिया।

0000000000000000000000

कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2025 के नतीजे आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने घोषित कर दिए हैं। CUET का उद्देश्य देश भर के विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य प्रतिभागी संस्थानों में UG और PG कार्यक्रमों में प्रवेश लेना है। उम्मीदवार cuet.nta.nic.in पर अपने स्कोरकार्ड देख सकते हैं।

0000000000000000000000